नई दिल्ली, बुधवार
19 जून 2019
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22+6=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सोसायटी के लोगों ने रोपित किए पौधे

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी एक व दो में निवासियों ने पौधे रोपित किए। निवासियों के संग मिलकर बिल्डर प्रबंधन ने करीब डेढ़ सौ पौधे लगाए। गौर समूह की डायरेक्टर मंजू गौड़ पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही। उन्होंने कहा कि पौधे समाज के पूरक होते है। बिना इनके जीवन जीने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। प्रबंधन ने दावा कि कि हमने पहले से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित कर उत्पन्न खाद से सोसायटी को हरा-भरा बनाने की कोशिश की है। पौधे रोपित करने के बाद निवासियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमेशा प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सोसायटी के बच्चों व महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

गौर सिटी में पौधरोपण करते निवासी • सौजन्य से निवासी